टीकमगढ़

नवभारत
भोपाल, शुक्रवार , 29 मई 2026

एक नजर में

46 पहुंचा जिले का पारा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

टीकमगढ़ में नौतपा के चौथे दिन गुरुवार को भी भीषण गर्मी का दौर जारी रहा। अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया। लगातार तीसरे दिन पारा 45 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 36 घंटे बाद तापमान में कुछ गिरावट और राहत की उम्मीद जताई है।

गुरुवार को सुबह 10 बजे के बाद से ही लू चलने लगी, जो शाम 5 बजे तक जारी रही। दोपहर 2 बजे तापमान 46 डिग्री तक पहुंच गया था, जबकि सुबह 11 बजे यह 42 डिग्री और दोपहर 1 बजे 43 डिग्री था। शाम 5 बजे तक भी तापमान 43 डिग्री सेल्सियस बना रहा। भीषण गर्मी के कारण दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। नौतपा के पहले दिन सोमवार को अधिकतम तापमान 45 .3 डिग्री और मंगलवार को 45 डिग्री दर्ज किया गया था। पिछले एक सप्ताह से लगातार तापमान 44 से 45 डिग्री के बीच बना हुआ है। दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी लगातार 29 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है, और देर रात तक गर्म हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने पहले ही लू का रेड अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, गुरुवार को भी अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री दर्ज किया गया।

ईद-उल-अजहा पर विशेष नमाज के बाद हुई दुआ

लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर दी मुबारकबाद

ग्रामीण अंचलों की मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

ईद-उल-अजहा मतलब बकरा ईद का पर्व हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम समुदाय के द्वारा मनाया गया। इस पर्व के पहले से ही मुस्लिम समाज के लोगों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली थी। ईद-उल-अजहा के अवसर पर गुरुवार की सुबह ईदगाह में नवाज अदा की गई। इसके बाद टीकमगढ़ जिले भर की मस्जिदों में अलग-अलग समय ईद की समाज पढ़ाई गई।

बताया जाता है कि यह पर्व त्याग और इंसानियत की एक मिशाल माना जाता है। इस पर्व पर मुस्लिम समाज के लोग सबसे पहले सुबह उठकर ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचते हैं जहां वह नमाज पढ़ने के बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाईयां देते हैं। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोग अपने-अपने घरों पर कुर्बानी कराते हैं। टीकमगढ़ में भी इस मौके पर मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने ईद की नमाज पढ़ी और फिर अपने-अपने घरों पर कुर्बानी कराई।

जानकार बताते हैं की ईद-उल-अजहा के मौके पर जिस जानवर की कुर्बानी दी जाती है। वह जानवर सेहत में सही होना जरूरी है। किसी भी बीमार या परेशान जानवर की कुर्बानी को जायज नहीं माना गया है। जानकारों का यह भी कहना है कि जानवरों को लोग पहले अपने साथ रखें और उन्हें उतनी ही मोहब्बत दें जैसे वह एक इंसान को देते हैं। इसके बाद ही कुर्बानी को सही ढहराया गया है।

ईद-उल-अजहा के मौके पर टीकमगढ़ शहर के ईदगाह में सुबह से ही हजारों लोगों ने नमाज पढ़ने के बाद देश के अमन-चैन के लिए दुआ की। इसके बाद एक-दूसरे को गले से लगाकर बधाईयां दी। इस ईद के पर्व के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला भी अपने समर्थकों के साथ ईदगाह पहुंचे जहां उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी।

इस पर्व को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा बेहतरीन व्यवस्था का इंतजाम किया गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने नमाज के दौरान शहर का भ्रमण किया।

जतारा, खरगापुर एवं मोहनगढ़ में भी मनी ईद

ईद का पर्व पूरे देश सहित जिले की तहसीलों में भी बड़ी ही शान के साथ मनाया गया। यहां लोगों ने नमाज अता करने के बाद कुर्बानी की। कुर्बानी को लेकर लोगों ने पहली गुजारिश की थी कि इससे संबंधित कोई भी वीडियो एवं फोटो न डाले। क्योंकि कुर्बानी से किसी को कोई तकलीफ न हो। जिले के तमाम मुस्लिम परिवारों ने इसका विशेष ध्यान दिया। इतना ही नहीं बड़े लोगों ने बच्चों को भी इसके साफ हिदायत दी थी कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित कोई भी तस्वीर साझा न करें। जतारा, खरगापुर, एवं मोहनगढ़ की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। फिर सबसे ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकवाद दी।

ईदगाह एवं मस्जिदों में लगाया पुलिस बल

ईद के पर्व को देखते ही पहले से ही पुलिस प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ईद की नमाज के दौरान जिले के ईदगाह एवं मस्जिदों के आसपास पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैठाया गया। यहां पुलिस की टीमें गस्त करती भी दिखाई थी, जिस पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने नजर रखी। उनका साफ निर्देश था कि किसी भी तरह की कानून व्यवस्था न बिगड़े इसका विशेष ख्याल रखा जाए। उनकी सख्ती के बाद से ही पुलिस के अधिकारी लगातार अपनी पैनी नजर बनाए रखे। पुलिस ने पूरी तरह हर तरफ नजर रखी।

वृद्ध की मौत का मामला

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

देहात थाना क्षेत्र स्थित श्रीनगर गांव के मुड़ापार जंगल में गुरुवार को एक बुजुर्ग का शव मिला। मृतक की पहचान 65 वर्षीय हरचरण रैकवार के रूप में हुई है, जो पिछले कई दिनों से लापता थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक के बेटे रमेश रैकवार ने बताया कि उनके पिता मंगलवार से लापता थे। परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। गुरुवार को मुड़ापार जंगल में उनका शव मिला। रमेश रैकवार ने दावा किया कि उनके पिता की कनपटी और कमर के पास गोली लगने जैसे निशान हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र से साक्ष्य जुटाने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी एकत्र करने का काम शुरू कर दिया है।

एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला गोली मारकर हत्या का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही इसका खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। जंगल में शव मिलने और गोली जैसे निशानों ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है।

नि :शुल्क प्याऊ बुझा रही हजारों की प्यास

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

नौ तपा और भीषण गर्मी में लोगों को पानी पिलाना आसान नहीं है। मानवीय संवेदना समिति द्वारा संचालित निशुल्क प्याऊ हजारों लोगों की प्रतिदिन प्यास बुझा रही। यह विचार यहां डां विकास जैन ने व्यक्त किए।

स्थानीय बस स्टैंड पर संचालित निशुल्क प्याऊ पर पहुंचे डां विकास जैन चिकित्सा अधिकारी ने लोगों को पानी पिलाया। बस स्टैंड पर संचालित निशुल्क प्याऊ पर मानवीय संवेदना समिति द्वारा लगभग डेढ़ माह से यह प्याऊ संचालित की जा रही है। डां जैन ने कहा कि प्याऊ पर आकर देखा कि इस विकट गर्मी में सदस्यों द्वारा किस तरह परोपकार किया जा रहा है। लोगों के लिए निस्वार्थ भाव से बिना किसी दिखाबे के केवल एक इंटर्नशिप सेवा के लिए, जन सेवा के लिए हमारे मानव संवेदना समिति के मनीराम कठैल अपनी टीम के साथ लोगों की प्यास बुझाने में जुटे हैं। वह यहां तन मन धन से लीन हैं। अपने कार्य में समहित होकर कार्य करते दिखाई दिए। वह एक आत्म गौरव व परोपकार की पराकाष्ठा निस्वार्थ प्रभु सेवा व मानव सेवा है । उनके इस कार्य के लिए हम सभी नतमस्तक हैं। इस कार्य की विनम्र भाव से सराहना करते हैं। डॉ विकास जैन ने कहा कि उन्हें आज यहां जल सेवा करने का सौभाग्य मानवीय संवेदना समिति के माध्यम से मिला, यह हमारे. लिये प्रसन्नता की बात है।

जगह-जगह लगे कचरे के ढेर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों पर कचरे के ढेर लगे पड़े हैं, जिस ओर किसी का कोई ध्यान नहीं है।

नगर पालिका द्वारा लगातार स्वच्छता को लेकर अभियान चलाकर कचरा उठवाने के दावे किए जा रहे हैं, परन्तु शहर के कई ऐसे स्थान हैं, जहां कचरा कई दिनों तक नहीं उठता। हालांकि नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती अंजली शर्मा एवं सीएमओ ओमपाल द्वारा लगातार इस ओर ध्यान दिया जा रहा है।

फर्जी अंकसूची लगाने वालों पर होगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती प्रक्रिया के दौरान बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। जांच में पांच आवेदिकाओं द्वारा कक्षा 12वीं की कूटरचित अंकसूचियां एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल पर अपलोड करना पाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संबंधित महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया चलाई जा रही थी। इसके तहत 20 जून से 4 जुलाई 2025 तक एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन प्राप्त होने के बाद जिला स्तरीय दावा एवं आपत्ति निराकरण समिति द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान बाल विकास परियोजना बल्देवगढ़ अंतर्गत पांच आंगनवाड़ी केंद्रों में आवेदन करने वाली महिलाओं की 12वीं की अंकसूचियां संदिग्ध पाई गईं। जांच में दस्तावेज फर्जी साबित हुए। जिन आवेदिकाओं के नाम सामने आए हैं, उनमें रमपुरा नजदीक हटा की जयमाला लोधी, खुडन सुजानपुरा की ममता यादव, रामगढ़ दोह चक्र-2 की मनीषा विश्वकर्मा, चौधरनखेरा कुडयाला की नीतू राजपूत और बैरागढ़ दोह चक्र-2 की सुनीता विश्वकर्मा शामिल हैं। प्रशासन के अनुसार इन महिलाओं ने चयन प्रक्रिया में लाभ लेने के उद्देश्य से कूटरचित अंकसूचियां पोर्टल पर अपलोड की थीं। मामला उजागर होने के बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने परियोजना अधिकारी, बाल विकास परियोजना बल्देवगढ़ को संबंधित थानों में सभी के खिलाफ कार्यवाही के लिए कहा।

पशु पालकों के लिए दी गई सलाह

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

वर्तमान में बढ़ रहे तापमान और लू हीट बेव के कारण कुक्कुट मुर्गी पालकों के सामने मुर्गियों के स्वास्थ्य और उत्पादन को बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। गर्मी के मौसम में मुर्गियों को श्हीट स्ट्रेसश् गर्मी का तनाव होने से उनकी मृत्यु दर बढ़ सकती है और अंडों, मांस के उत्पादन में गिरावट आ सकती है।

इसे ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, टीकमगढ़ के पशुधन प्रभारी एवं मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. सतेंद्र कुमार ने केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस. किरार के मार्गदर्शन में मुर्गियों की उचित देखभाल के लिए निम्नलिखित तकनीकी सलाह जारी की है। मुर्गी शेड की छतों पर पुआल, बोरी या घास डालें और दिन में 2-3 बार पानी का छिड़काव करें ताकि शेड के भीतर का तापमान नियंत्रित रहे।

मंत्री ने काफिला रोक, सुनी पीड़ित की समस्या

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में उस समय एक भावुक और मानवीय तस्वीर देखने को मिली, जब केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने अपने काफिले को बीच रास्ते में रुकवाकर एक दिव्यांग युवक की पीड़ा सुनी और तुरंत सहायता के निर्देश दिए। यह दृश्य केवल एक जनप्रतिनिधि का नहीं, बल्कि जनता के दर्द को समझने वाले संवेदनशील इंसान का प्रतीक बन गया।

दरअसल केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार टीकमगढ़ से निवाड़ी दौरे पर जा रहे थे। रास्ते में कुर्राई गांव के पास उनकी नजर एक दिव्यांग युवक पर पड़ी। मंत्री ने बिना देर किए अपनी गाड़ी रुकवाई और युवक के पास पहुंचकर उसका हालचाल जाना। युवक की पहचान शैलेंद्र यादव के रूप में हुई, जिसने अपनी बीमारी और आर्थिक परेशानियों के बारे में मंत्री को बताया।

शैलेंद्र की पीड़ा सुनते ही डॉ. वीरेंद्र कुमार ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन लगाया। उन्होंने डॉक्टर मोहंती से सीधे बात कर दिव्यांग युवक के समुचित उपचार और ऑपरेशन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मंत्री ने शैलेंद्र को भरोसा दिलाया कि उसके इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस दौरान वहां मौजूद ग्रामीण भी मंत्री की संवेदनशीलता देखकर भावुक हो उठे। लोगों का कहना था कि आज के समय में जब नेता अक्सर सुरक्षा घेरे और औपचारिकताओं में घिरे रहते हैं, तब एक केंद्रीय मंत्री का इस तरह आम व्यक्ति के पास जाकर उसकी समस्या सुनना बड़ी बात है।

डॉ. वीरेंद्र कुमार की यही सादगी और जनता से जुड़ाव उन्हें लोगों के बीच खास बनाता है। यही कारण है कि जनता का विश्वास लगातार उनके साथ बढ़ता गया। कभी 40 हजार वोटों से जीतने वाले नेता का जनसमर्थन अब लाखों तक पहुंच चुका है।

आदिवासी कांग्रेस प्रकोष्ठ का प्रदर्शन, फूंका गया पुतला

केन्द्रीय गृहमंत्री के खिलाफ हुआ प्रदर्शन

अस्पताल चौराहे पर प्रदर्शन कर फूंका गया पुतला

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

गुरुवार को आदिवासी कांग्रेस प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। अस्पताल चौराहे पर हुए इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता अमित शाह का पुतला लेकर पहुंचे थे, जिसे रैली के दौरान पुलिस ने छीन लिया।

आदिवासी कांग्रेस प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुन्नालाल आदिवासी ने बताया कि 24 मई को दिल्ली में आयोजित जनजातीय संस्कृत समागम कार्यक्रम में गृहमंत्री शाह ने आदिवासियों को %वनवासी% कहकर संबोधित किया था। उन्होंने अपने संबोधन में एक बार भी आदिवासी शब्द का प्रयोग नहीं किया।

मुन्नालाल आदिवासी के अनुसार, गृहमंत्री के संबोधन से ऐसा प्रतीत हुआ कि देश में आदिवासी समुदाय का अस्तित्व ही नहीं है, बल्कि सभी वनवासी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमित शाह आदिवासियों की विशिष्ट संस्कृति और सभ्यता को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं। आदिवासी समाज की अपनी अलग सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक पहचान है, जिसे किसी अन्य शब्द से परिभाषित नहीं किया जा सकता। वनवासी शब्द का प्रयोग आदिवासी अस्मिता और सम्मान को कमजोर करने का प्रयास है।

प्रदर्शन को देखते हुए अस्पताल चौराहे पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। वाटर कैनन के लिए फायर ब्रिगेड भी मौजूद थी, हालांकि उसकी आवश्यकता नहीं पड़ी। इस दौरान आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुन्नालाल आदिवासी, सचिव मालती आदिवासी, उपाध्यक्ष श्रीराम आदिवासी, बल्देवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष रूपलाल आदिवासी, खरगापुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र आदिवासी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पुलिस की ओर से एसडीओपी राहुल कटरे, कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक और तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस पूरे प्रदर्शन पर विशेष नजर बनाए रखे थी, जिससे कि कोई विवाद या अनहोनी न हो। चप्पे-चप्पे पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस जवान तैनात दिखाई दिए।

कार्यवाही कलेक्टर के निर्देश पर रेत माफियाओं पर कार्यवाही जारी

संजय नगर घाट पर पोकलेन मशीन के साथ दो वाहन जब्त

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

टीकमगढ़ जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। गुरुवार सुबह कलेक्टर के निर्देश पर पलेरा तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ उर नदी पर छापा मारा। इस दौरान संजयनगर गांव में नदी से अवैध रूप से रेत निकालते हुए एक पोकलेन मशीन को पकड़ा गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने विशेष निर्देश जारी किए हैं कि कही भी अवैध रेत का कारोबार चल रहा हो तो उस पर कठोर कार्यवाही करें। इसी के चलते लगातार जिले में कार्यवाहियां जारी हैं।

जानकारी के मुताबिक राजस्व टीम को देखते ही पोकलेन मशीन का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। टीम ने पोकलेन मशीन को जब्त कर लिया। इसी

दौरान रेत भरने के लिए मौके पर पहुंचे एक डंपर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त किया गया। रेत निकालते समय पोकलेन भी बरामद की किया गया।

पलेरा तहसीलदार कुलदीप सिंह ने बताया कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। नायब तहसीलदार श्रीपत अहीरवार सहित आरआई और हल्का पटवारी टीम में शामिल थे। राजस्व टीम ने खसरा नंबर 1 में अवैध उत्खनन करते हुए इन मशीनों और वाहनों को जब्त किया।

तहसीलदार ने बताया कि मौके से एक पोकलेन मशीन, एक डंपर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई है। तीनों को थाने में रखवा दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। राजस्व विभाग की टीम ने आज छोपेमारी करते हुए डंपर जब्त किया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि पिछले एक महीने से अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जब्त की गई मशीनों और वाहनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन भी कराया जा रहा है, और यदि मशीन मालिक सामने नहीं आते हैं तो नीलामी की कार्रवाई की जाएगी।

लगातार रेत माफियाओं पर हो रही कार्यवाहियों के बाद से माफिया में हड़कंप है। इतना ही नहीं बीते दिनों रेत का ठेका लेने वाली कंपनी के लोगों ने प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल खड़े किए थे और कहा था कि ऐसे में राजस्व का नुकसान होगा। परन्तु कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय का साफ कहना है कि नियम से न चलने वालों पर कठोर कार्यवाही होगी। नियम पहले है।

नियमों का पालन कर खूब काम करो

जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने साफ तौर पर संदेश दिया है कि नियमों का पालन करते हुए खूब रेत का कारोबार करो, कोई दिक्कत नहीं लेकिन इन्हें दरकिनार करना ठीक नहीं। नियम जो तोड़ेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। रेत की खदानों पर जो मशीनरी उपयोग नहीं होती उसे कैसे वैध किया जाए। इसलिए कार्यवाही जारी रहेगी।

हैण्डपंप सुधार के लिए कंट्रोल रूम बना

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

ग्रीष्मकाल में टीकमगढ़ जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हैण्डपम्प संधारण एवं अन्य पेयजल संबंधी कार्यों की शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इसी क्रम में कंट्रोल रूम में हैडपंप खराब/पेयजल समस्या की प्राप्त शिकायत का 24 घंटे में समाधान किया गया।

ग्राम पंचायत माडूमर के ग्रामीणजनों द्वारा ग्राम पंचायत माडूमर के ग्राम मधुवन वाईपास रोड़ पर धर्मदास का हैंडपंप खराब होने की शिकायत की दर्ज कराई थीं शिकायत प्राप्त होने पर मैकेनिक द्वारा हैडपम्प का सुधार कार्य कर तत्काल पेयजल समस्या समाधान किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्प संधारण एवं अन्य पेयजल संबंधी कार्यो की शिकायतों को दर्ज करने तथा उनके त्वरित निराकरण हेतु कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड में जिला स्तरीय पेयजल कन्ट्रोल रूम की स्थापना की ।